प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

भारत का वस्तु और सेवा निर्यात जून महीने में पांच दशमलव चार प्रतिशत बढ़कर 65 दशमलव चार–सात अरब अमरीकी डॉलर हो गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल–जून तिमाही में समग्र निर्यात वृद्धि आठ दशमलव छह प्रतिशत बढ़कर दो सौ दशमलव तीन–तीन अरब डॉलर हो गई है। व्यापारिक निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में दो दशमलव पांच–पांच प्रतिशत की सकारात्मक बढोतरी दर्ज की गई है। इस वर्ष के जून माह में व्यापारिक निर्यात वृद्धि के प्रमुख चालकों में आभियांत्रिक वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं, कॉफी और कार्बनिक तथा अकार्बनिक रसायन शामिल हैं।

0000

राज्य सरकार ने निरस्त 53 खनन भूमि की नीलामी की कार्रवाई जल्द शुरु करने के निर्देश दिए हैं। खान और भूविज्ञान विभाग की शासन सचिव आनन्दी ने विभाग के अधिकारियों को माइनिंग ब्लॉक्स के चिन्हीकरण और नीलामी के लिए आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी करने को कहा। श्रीमती आनन्दी ने कल जयपुर में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बताया कि इन खनन भूमियों के संबंध में अदालत ने सरकार के पक्ष में निर्णय दिया है। सचिव ने विभिन्न कार्यालयों में माइनिंग प्लान, हस्तांतरण तथा अन्य लंबित प्रकरणों के तुरंत निपटारे के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पुराने बकाया की वसूली में भी तेजी लाने को कहा।

0000

जोधपुर की प्रसिद्ध मथानिया मिर्च के जी.आई. टैग की संभावना के अध्ययन और कार्य के लिए नई दिल्ली स्थित फ्रेंच दूतावास का प्रतिनिधि मंडल राज्य के दौरे पर है। अपने 9 दिवसीय दौरे के पहले दिन उन्होंने कल जयपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। कृषि और उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में उद्यानिकी विभाग के आयुक्त जय सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य के कृषि परिदृश्य पर चर्चा और प्रतिनिधि मंडल द्वारा दौरे के उद्देश्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। श्री गालरिया ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल जयपुर में दो दिन की विचार विमर्श बैठकों के बाद जोधपुर में सात दिवसीय दौरे के तहत विभिन्न हित धारको के साथ बैठक करेगा। इसके बाद एमओयू के औपचारिक प्रस्ताव केन्द्र और राज्य को प्रस्तुत किये जायेंगे। श्री गालरिया ने कहा कि इस कार्य के बाद मथानिया मिर्च उत्पादकों सहित मिर्च से जुड़े सभी हितधारकों को अच्छी आय मिलेगी जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने रामगढ बांध में अतिक्रमण से जुडे मामले में गठित मॉनिटरिंग कमेटी को दो सप्ताह में निरीक्षण रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने बांध में अतिक्रमण को लेकर लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान से जुडे मामलों पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। कमेटी के सदस्य अधिवक्ता वीरेन्द्र डांगी ने बताया कि कमेटी ने जून में बांध क्षेत्र का दौरा किया था। जिसमें कई जगहों पर अतिक्रमण पाया गया। श्री डांगी ने अदालत को इन अतिकमणों का ब्योरा भी दिया। गौरतलब है कि रामगढ़ बांध में अतिक्रमण और पानी नहीं पहुंचने के मामले में हाईकोर्ट ने वर्ष 2011 में स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था। अदालत राज्य सरकार और मॉनिटरिंग कमेटी से समय–समय पालना रिपोर्ट मांग रही है।

0000

जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। इसमें राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र भी भाग ले रहे है। समारोह में श्री मिश्र 2 हजार से ज्यादा उपाधियां प्रदान करेंगे। वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 40 पीएचडी धारकों को भी उपाधियां दी जायेंगी। इसी तरह सभी संकायों के प्रथम वरीयता प्राप्त कुल 11 छात्रों को स्वर्ण पदक और वरीयता प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे।

0000

जैसलमेर में सम्पूर्णता अभियान के तहत मुलसागर गांव में स्कूलों में ड्रॉप आउट रोकने के लिए आज जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व और ड्रॉप आउट की समस्याओं पर नारे लगाकर ग्रामीणों तक संदेश पहुंचाया। इसमें ग्रामीणों और शिक्षकों ने भी भाग लिया।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में एनालिस्ट कम प्रोग्रामर के 45 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है। इन पदों के लिए आज से 14 अगस्त तक आवेदन किये जा सकते है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा से जुड़ी जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

00000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा जयपुर, करौली और धौलपुर जिले में कहीं—कहीं भारी बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त आंकडों के अनुसार सबसे अधिक 6 दशमलव 8 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के राजाखेडा में रिकॉर्ड की गई। करौली के टोडा भीम में 6 दशमलव 7 और कोटपूतली में 6 दशमलव 5 सेंटीमीटर पानी बरसा। बाडमेर के गुढामालानी में 2 दशमलव 8 सेंटीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज जयपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग के जिलों में कहीं—कहीं बरसात की संभावना व्यक्त की गई है।

00000